दिन–मंगलवार दिनांक– 21/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ देशभर के पीठासीन अधिकारियों का दो दिवसीय अखिल भारतीय सम्मेलन आज पटना में संपन्न।

02. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने समापन समारोह को संबोंधित करते हुए पीठासीन अधिकारियों को लोकतांत्रिक संस्थाओं का रक्षक बताया।

03. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा– पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में पांच संकल्प स्वीकार किए गए।

04. और, प्रदेश के अधिकांश भागों में अत्यधिक ठंड और कनकनी से जनजीवन प्रभावित। पटना, गोपालगंज और मोतिहारी मे आठवी कक्षा तक के स्कूल तेईस जनवरी तक बंद किए गए।

---

लोकतांत्रिक मूल्यों को संरक्षित और सुरक्षित बनाने के संकल्प के साथ पीठासीन अधिकारियों का पचासीवां अखिल भारतीय सम्मेलन आज पटना में संपन्न हो गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि पीठासीन अधिकारी लोकतांत्रिक संस्थाओं के रक्षक है। इसे देखते हुए उन्हें अपनी दायित्वों का निर्वहन प्रभावी ढंग से करना चाहिए। श्री खान ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं पर आक्षेप देश और लोकतंत्र के ऊपर हमला है।

–––बाईट–––

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पीठासीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दो दिवसीय बैठक के दौरान देशभर के तेईस विधानमंडलों के इकतालीस पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया। श्री बिरला ने कहा कि संविधान जन भागीदारी पर आधारित शासकीय व्यवस्था का पवित्र दस्तावेज है। जिसमें लोकतांत्रिक मूल्य और सामूहिक जन कल्याण की भावनाएं निहित हैं।

–––बाईट–––

पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में विधायी संस्थाओं को और मजबूत बनाने के लिए पांच संकल्प लिए गए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सम्मेलन की समाप्ति

के बाद संवाददाताओं को यह जानकारी दी। श्री बिरला ने कहा कि इन संकल्पों के पूरा होने से भारतीय लोकतंत्र की गरिमा बढ़ेगी।

———बाईट———

श्री बिरला ने कहा कि सदनों की कम होती बैठकों के कारण सदन की गरिमा और मर्यादा पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि विधान मंडलों में चर्चा का वातावरण बनाने के लिए सभी राजनीतिक दलों को अपने अपने सदस्यों के लिए आचार संहिता बनानी चाहिए।

———बाईट———

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानमंडलों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण चर्चा का स्थान बनाने पर सम्मेलन के दौरान सार्थक चर्चा की गई। श्री बिरला ने कहा कि इस आयोजन में शामिल सभी प्रतिनिधियों ने संवाद और बहस को बढ़ावा देने का संकल्प व्यक्त किया।

———बाईट———

लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला ने कहा कि एक देश—एक विधान के लिए काम किया जा रहा है। श्री बिरला ने पीठासीन अधिकारियों से अपनी विधानमंडलों में डिबेट को नई तकनीक और कौशल के जरियें भावी पीढ़ी के लिए डिजिटल फॉर्मेट में संरक्षित करने को कहा।

———बाईट———

समापन सत्र के दौरान राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, परिषद के उपसभापति रामवचन राय और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।

——————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में अत्यधिक ठंड और कोहरे से जनजीवन प्रभावित हुआ है। सर्द उत्तर पछुआ हवा का प्रवाह बढ़ने से कनकनी बढ़ गई है। इधर, राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य एवं उत्तर–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर घने कोहरे की स्थिति बनी हुई है, जिससे सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक मौसम में किसी बड़े परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिम ने बताया कि  इस दौरान राज्य के अधिकांश भागों में घना से अति घना कोहरा छाये रहने की संभावना को लेकर ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट———

पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद राज्य का सबसे ठंड स्थान रहा जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, गोपालगंज और मोतिहारी जिले में शीत दिवस दर्ज किया गया है।

———————————————————————————

राज्य के विभिन्न भागों में शीत दिवस के कारण प्रशासन ने बचाव के उपाय शुरू कर दिए है। गोपालगंज, पूर्वी चंपारण और पटना जिला प्रशासन ने आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों को तेईस जनवरी तक बंद करने के आदेश दिए है। यह आदेश प्री स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी लागू होगा। वहीं, नौवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक स्कूलों का संचालन सुबह नौ बजे से अपराह्न साढ़े तीन बजे तक ही किया जायेगा। इधर, मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी ने आठवीं कक्षा तक स्कूलों को पच्चीस जनवरी तक बंद रखने के आदेश दिए है।

———————————————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से।

———म्यूजिक———

प्रयागराज में महाकुंभ में त्रिवेणी मार्ग स्थित सुसज्जित संविधान गैलरी लोगों को आकर्षित कर रही है। इस गैलरी की स्थापना का उद्देश्य लाखों आगंतुकों को संविधान

के निर्माण, कार्यान्वयन और अनुच्छेदों के बारे में शिक्षित करना है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से।

———बाईट———

संविधान गैलरी की प्रदर्शनी में ऐतिहासिक विवरण, प्रमुख दस्तावेज और भारतीय संविधान के निर्माताओं के योगदान को बखूबी दर्शाया गया है। संविधान सभा की चर्चाओं को ऑडियो के माध्यम से भी प्रस्तुत किया गया है, जिससे आगंतुकों को संविधान के विकास के बारे में गहरी जानकारी मिलती है। वहीं, डिजिटल गैलरी संविधान की यात्रा को जीवंत बनाती है। जब आगंतुक स्क्रीन को छूते हैं, तो संविधान के पन्ने खुल जाते हैं और संवाददाता ग्रुप से संविधान के प्रारूपण, कार्यान्वयन से संबंधित ऐतिहासिक क्षणों की जानकारी मिलती है। डिजिटल स्क्रीन पर एक टाइमलाइन के जरिए दर्शकों को संविधान के इतिहास से जुड़े साल दर साल प्रमुख जानकारियों को तलाशने की भी सुविधा है। प्रवेश द्वार पर एक टच–स्क्रीन सेल्फी पॉइंट आगंतुकों को भी आकर्षित कर रही है। जहां वह केवल एक टैप से राष्ट्रीय प्रतीक, अशोक स्तंभ के साथ तस्वीरें ले सकते हैं। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।

————————————————————————

इधर, सहरसा के वैदेही कला संग्रहालय द्वारा कुंभ नगरी के कलाग्राम मे दुर्लभ संगीत वाद्यों की प्रदर्शनी लगाई गई है। यहां प्रदर्शित दो सौ इक्यावन वाद्य यंत्रों को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के दौरान किशनगंज जिले में पांच सौ चौदह करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान जिले के लोगों को किशनगंज–बहादुरगंज के बीच महानंदा नदी पर पुल निर्माण और सड़क को एनएच से जोड़े जाने समेत अन्य कार्यों को भी शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिया है।

————————————————————————

बिहार विधानसभा में विरोधी दल राजद के मुख्य सचेतक अख्तरूल इस्लाम शाही ने रालोजपा अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस के महागठबंधन में शामिल होने के संकेत दिए है। समस्तीपुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद के साथ श्री पारस की इस संबंध में बातचीत हो रही है।

————————————————————————

मुंगेर जिले के टेटिया बंबर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरजपुर गांव में संग्रामपुर प्रखंड प्रमुख इंदु देवी को गोली मारकर जख्मी किये जाने के मामले में पुलिस ने तीन

आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें महिला का पति श्यामसुंदर दास शामिल है। हवेली खड़गपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि घटना को पारिवारिक कलह के कारण अंजाम दिया गया है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ढक पहाड़ी जंगल  के पास एक बड़े भूभाग में नक्सलियों द्वारा की जा रही अफीम की खेती को पुलिस ने नष्ट कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक दिवेश कुमार मिश्रा ने यह जानकारी दी।

———————————————————————

मधुबनी जिले के जयनगर में एसएसबी की अड़तालीसवीं वाहनी की जवानों ने भारत–नेपाल सीमा के करीब एक संदिग्ध को भारत और नेपाल के जाली नोटो के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

वैशाली जिले के ओद्यौगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत चौरसिया चौक के पास एक टैंकर की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने गांधी सेतू पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया।

———————————————————————

01. लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ देशभर के पीठासीन अधिकारियों का दो दिवसीय अखिल भारतीय सम्मेलन आज पटना में संपन्न।
02. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने समापन समारोह को संबोंधित करते हुए पीठासीन अधिकारियों को लोकतांत्रिक संस्थाओं का रक्षक बताया।
03. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा– पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में पांच संकल्प स्वीकार किए गए।
04. और, प्रदेश के अधिकांश भागों में अत्यधिक ठंड और कनकनी से जनजीवन प्रभावित। पटना, गोपालगंज और मोतिहारी मे आठवी कक्षा तक के स्कूल तेईस जनवरी तक बंद किए गए।

———————————————————————

समाप्त